ACE/Law/22-23/024 27/10/2022

डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर

(A State Funded University of Rajasthan)
"कला भवन", शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर- 302015
www.alujaipur.ac.in E-mail: registrar@alujaipur.ac.in

No. F. 5 (1) Exam. (Secy) /ALU/2021-22/ 6098 **Dated: 20.10.2022**

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर

विषयः— विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विधि पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहे छात्रों को विशेष प्रायोगिक परीक्षा में बैठने हेतु विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारण बाबत्।

सन्दर्भः— विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक F. 5 (1) Exam (Secy)/ALU/2021-22/6526-31 दिनांक 12.10.2022.

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत व संदर्भित आदेश के क्रम में सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न विधि पाठ्यक्रमों के सत्र 2021–22 के छात्र/छात्रा जो संबंधित महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि को आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहे है, को विलम्ब शुल्क के साथ विशेष प्रायोगिक परीक्षा में बैठने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि संबंधित महाविद्यालय के माध्यम से दिनांक 01.11.2022 निर्धारित की जाती है।

उक्त आयोज्य विशेष प्रायोगिक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन संबंधित महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकेगा। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा पूर्व में ऑफलाईन माध्यम से पत्र व डी.डी. विश्वविद्यालय को प्रेषित कर दिया गया है, तो उन्हें भी ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करना है व जमा कराये गये शुल्क का विवरण ऑनलाईन दर्ज करना है।

अतः समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय के सत्र 2021–22 की प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित छात्रों से अविलम्ब सम्पर्क कर निर्धारित अंतिम तिथि 01.11.2022 तक ऑनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे छात्रों की विशेष प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि को केन्द्रीयकृत व्यवस्था के तहत निर्धारित किसी एक परीक्षा केन्द्र पर किया जावेगा।

उक्त सूचना संबंधित महाविद्यालयों को ई–मेल व वेबसाईट पर उपलब्ध करवाई जावेगी। संबंधित छात्र, महाविद्यालय से व्यक्तिगत व विश्वविद्यालय से वेबसाईट के माध्यम से सतत् सम्पर्क में रहें।

Forward to

1 Notice Board / Website
2 Vishal Joshi
3 Ramesh Sharma

भवदीय,
20/10/22
परीक्षा नियंत्रक